# Satya ka Avahan

# सत्य का आवाहन

*Invoking the Divine*

Year 13 Issue 5 September–October 2024



Sannyasa Peeth, Munger, Bihar, India

**Hari Om**

Satya ka Avahan is a bilingual and bi-monthly magazine compiled, composed and published by the sannyasin disciples of Sri Swami Satyananda Saraswati for the benefit of all people who seek health, happiness and enlightenment. It contains the teachings of Sri Swami Sivananda, Sri Swami Satyananda, Swami Niranjanananda and Swami Satyasangananda, along with the programs of Sannyasa Peeth.

**Editor**: Swami Gyansiddhi Saraswati

**Assistant Editor**: Swami Shivadhyanam Saraswati

**Published** by Sannyasa Peeth, c/o Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.

**Printed** at Thomson Press India (Ltd), Haryana

© Sannyasa Peeth 2024

**Useful Resources**

*Websites*:

www.sannyasapeeth.net
www.biharyoga.net
www.satyamyogaprasad.net

*Apps*:
(for Android and iOS devices)

Bihar Yoga
APMB
YOGA (English magazine)
YOGAVIDYA (Hindi magazine)
FFH (For Frontline Heroes)

*Front cover & Plates:*
Sri Lakshmi-Narayana Mahayajna 2024



## SATYAM SPEAKS – सत्यम् वाणी

### Sadhana

In the spiritual quest it is not the accumulation of knowledge which you are trying to achieve but a personal experience of that knowledge. And this experience can only be obtained by constant and consistent effort in your practices. Sincerity and surrender are the greatest assets in sadhana. Joy of sadhana alone should give you satisfaction. No other kind of joy should take you off your heels, and no sorrow should drag you down.

*—Swami Satyananda Saraswati*

आध्यात्मिक जीवन का लक्ष्य केवल ज्ञान का अर्जन नहीं, बल्कि उस ज्ञान का व्यक्तिगत अनुभव है, और यह केवल निरन्तर अभ्यास से प्राप्त होता है। निष्ठा और समर्पण ही साधना में सबसे उपयोगी सिद्ध होते हैं। साधना के आनन्द से ही तुम्हें सन्तोष मिलना चाहिए, अन्य किसी प्रकार के सुख या दु:ख से तुम्हें विचलित नहीं होना है।

*—स्वामी सत्यानन्द सरस्वती*

**Published** and printed by Swami Kaivalyananda Saraswati on behalf of Sannyasa Peeth, Paduka Darshan, PO Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.
**Printed** at Thomson Press India (Ltd), 18/35 Milestone, Delhi Mathura Rd., Faridabad, Haryana.
**Owned** by Sannyasa Peeth **Editor**: Swami Gyansiddhi Saraswati

Satya ka
# Avahan
सत्य का आवाहन
*Invoking the Divine*
Year 13 Issue 5 • September–October 2024

न तु अहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्। कामये दुःखतप्तानां प्राणिनां आर्त्तिनाशनम्॥

"I do not desire a kingdom or heaven or even liberation. My only desire is to alleviate the misery and affliction of others."

—Rantideva



## Contents

2 Back to the Source – Sannyasa Diksha Centenary of Swami Sivananda Saraswati Maharaj
15 संन्यास की महिमा
16 संन्यासियों के लिए सन्देश
17 Celebration of Life
19 Yajna
20 सत्संबंध की सार्थकता
23 समर्पण दिवस
28 Spiritual Life
35 Ganga
36 Sannyasa Diwas
41 Walk the Luminous Path
42 दिव्य जीवन

# Back to the Source –
## Sannyasa Diksha Centenary of Swami Sivananda Saraswati Maharaj

*Sannyasi Sivadhara*



1st June 1924 was a significant landmark in the history of spirituality when Dr Kuppuswami Iyer received Sannyasa Diksha from Swami Vishwananda. He received the name 'Swami Sivananda Saraswati' along with his guru's guidance

to lead a Divine Life and inspire all humankind to walk the path of luminosity. This momentous event became the foundation for an unparalleled and unprecedented spiritual tradition which drew aspirants from all countries, creeds and cultures into its expansive fold. After twelve years of rigorous austerities and service to the needy in and around Rishikesh, Swami Sivanandaji established the Divine Life Society in 1936. Spiritual aspirants flocked to his ashram, living and imbibing the teachings of integral yoga and Vedanta with the aim of worshipping the divine through service to mankind.

From 29th May to 1st June 2024, a Spiritual Conference was hosted at the Divine Life Society in Rishikesh to celebrate and commemorate Sri Swami Sivanandaji Maharaj's Sannyasa Diksha Centenary. Swami Niranjanananda Saraswati and Swami Satyasangananda Saraswati travelled from Munger and Rikhia to participate in this 'once-in-a-lifetime' opportunity to pay homage to their grandfather guru and to bathe in the waves of bliss at his lotus feet. The ashram in Rishikesh was the cradle in which Swami Sivanandaji nurtured their beloved guru, Swami Satyananda, and this was a pilgrimage back to the source to honour the most significant moment when our collective destinies were also born.

The environs of the ashram were permeated with heightened energy and a protective sheath of peace and joy enveloped all those who were present during those special days as the grace and blessings of Swami Sivananda flowed in abundance upon one and all. Many spiritual luminaries were invited to speak on the dharma of sannyasa and based their lectures on authoritative scriptural texts. Their illuminative insights shed light on the principles, precepts and practices which are the distinguishing features defining the perfection of sannyasa.

**Gurus and disciples**

In the morning session on 31st May when Swami Niranjanananda began his address with the three salutations of '*Hari Om Tat Sat*', '*Namo Narayana*' and '*Jai Ho*', a ripple of joy washed over



the entire auditorium as everyone responded enthusiastically to his greetings. These three clarion calls are from Yogapeeth, Rikhiapeeth and Sannyasa Peeth, the living embodiment of Swami Sivananda's inspiration and teachings that we see in the life and work of Swami Satyananda. Swami Niranjan spoke about Swami Satyananda's unswerving fidelity towards his guru, Swami Sivanandaji, and that the sole purpose of his entire life was dedicated to following his guru's mandate, spreading his guru's teachings and to bring the eternal bounty of Swami Sivanandaji's spiritual wealth into the lives of one and all.

Going back in the mists of time, Swami Niranjan traced the birth of this unique tradition to the 16th century when a great Shaivite saint and scholar, Appayya Dikshitar, received a promise and boon from Lord Shiva himself. Lord Shiva's promise was fulfilled seven generations later when an




incarnation of Shiva was born into the family of Appayya Dikshitar. This extraordinary being was the spiritual luminary the world knows as Swami Sivananda Saraswati. Swami Niranjan said that it was undoubtedly divine design and not a mundane coincidence that the sannyasa diksha along with the name 'Sivananda' was received from none other than an incarnation of Narayana, in the form of Swami Vishwananda Saraswati. Empowered by the knowledge that this is our impeccable lineage and this is our illustrious heritage, we are inspired to forge ever onwards with trust and faith, devotion and dedication to live the teachings of our masters and express them through head, heart and hands.

Recounting his precious and tender personal memories of visiting the ashram in Rishikesh as a little child accompanying Swami Satyananda, Swami Niranjan drew a vivid portrait

of the immense love and deep connection he has with his 'grandfather guru'. His warm voice and glowing eyes as he reminisced about how he climbed up onto Swami Sivananda's bed and fell fast asleep, sat in a wheelchair and refused to get off saying that he was sitting on his grandfather's lap brought those incidents alive in the minds of everyone, from the respected senior Swamis of the ashram to the youngsters in the audience. A strong bond of affection united everyone under the loving gaze of Swami Sivanandaji as Swami Niranjan said that he was not here as a learned scholar but as Swami Sivanandaji's grandchild!

We see an astounding unfoldment of the deep connection between guru and disciple in the lives of Swami Sivananda and Swami Satyananda. Swami Vishwananda met Swami Sivananda just once for a very brief time when he received diksha and yet those few moments determined the course of Sivanandaji's life. Taking Swami Vishwanandaji's instruction to live a divine life as the mission of his life, Swami Sivanandaji embarked on an extraordinary journey of tapasya and self-discovery which led to the creation of a tradition that flourishes to this day bringing the divine light of spirituality into the lives of millions. Similarly, the beacon of his guru's mandate and teachings guided Swami Satyananda's path and determined the course of his life and work bringing solace, succour and immeasurable peace to thousands. As Swami Niranjan said, our guru, Swami Satyananda connected us with his guru, Swami Sivananda, whose life and teachings are our Upanishads and our Vedas, our Smritis and Puranas.

Sri Swamiji used to say that to think of Swami Sivananda is Yoga, to learn from his life is Vedanta. Swami Sivananda's spirit of pure love for the divine, implicit faith in the power of prayer, total dedication to serving those in need and the uplifting expression of esoteric vedantic principles through simple everyday acts of serving, loving and giving stand as a living testament to his divinity and ocean of wisdom. His disciples spread far and wide across the globe and took

the message of living a divine life to all humanity. Swami Satyananda successfully completed the mandate of taking yoga 'from door to door and shore to shore' and offering the institutions he had created along with all his attainments at the feet of his guru, he travelled through the siddha teerthas of India as a parivrajak sannyasin seeking divine direction for the next phase of his life. It was the heavenly voice of Shiva and Guru which he heard on the full moon night of Guru Poornima that gave him directions for his onward journey.

Swami Satyananda was guided to live a life of seclusion in Rikhia where he immersed himself in the arduous austerities prescribed for a paramahamsa sannyasin, thus fulfilling what Swami Sivananda had told him about his life being divided into twenty-year cycles: after living at home for the first twenty years of his life, he came to his guru and served for the next twenty-year cycle; in the third one from the age of forty he would work to spread yoga all over the world and fulfil his guru's mandate after which the next twenty years of his life would be dedicated to the spiritual upliftment of all mankind.

As a fruit of his sadhana and according to the instructions he received from the divine, Swami Satyananda established the cardinal teachings of Swami Sivananda of 'Serve, Love, Give' as the foundation of Rikhiapeeth with a sankalpa of peace, plenty and prosperity for all, especially the forgotten and neglected sections of society. These are the building blocks of spiritual life that connect us with all humanity through *atmabhava*, to see the divine within everyone. Sri Swamiji called them the A, B, C, D of spiritual life and said that our practices of yoga and meditation will lead us nowhere unless we understand, imbibe and express these teachings. Till such time, we are tossed about in the rough seas of life blindly following the dictates and whims of our fickle minds. It is only after firmly establishing these principles in our head and heart, we can make them an intrinsic part of our lifestyle and then aspire for further spiritual evolution. Swami Sivananda has been the foundation of everything that Swami Satyananda initiated and

developed, all his work is inspired by his guru's teachings and everyone receives shelter under this gigantic banyan tree of the grace and love of an incredible guru and disciple.

When the thousands who participate wholeheartedly in the activities of Rikhiapeeth and become one with 'Serve, Love, Give', they have astounding spiritual experiences beyond ordinary expectations. This is irrefutable proof of the efficacy of Swami Sivananda's teachings which are the foundation of a divine life. Swami Niranjan went on to say that after building this firm foundation, we can put up the plinth of inner-purification and add the walls and ceiling which are the two *mahavakyas*, 'Be Good' and 'Do Good'.

This is the essence of all the philosophies and scriptures – a relentless search for goodness leads to the experience of divinity in life! Speaking about the duel between dharma and adharma which is constantly waged within, Swamiji said it is the part that we nourish which will be victorious. Let us make a resolve to nourish the positive, creative and divine within ourselves by practising pratipaksha bhavana, one of Swami Sivananda's most effective tools for overcoming negativity. Swami Niranjan gave simple examples of how pratipaksha bhavana works to connect us with positivity and creativity, making it possible to experience the divine life which was the universal sankalpa of Swami Sivananda.

Swami Satyananda used to say that it is not necessary to study the Vedas, Upanishads, smritis and other scriptures. Merely by observing the remarkable life of Swami Sivananda and making the effort to imbibe his teachings in our lives will bring us to the threshold of spiritual life and guide us towards luminosity. Swami Niranjan said that this thought is at the core of our being today. He recalled Swami Satyananda's declaration that Swami Sivananda's yoga begins where other yogas end because it guides us along the progression of yoga practice to yogic lifestyle, from principles and theory to a living expression of head, heart and hands imbued with the spirit of service for the needy. All vedantic and dharmic precepts find

their fruition in Swami Sivananda's yoga and manifest in the form of *paropkar,* caring for others' welfare, as an expression of love for the divine.

Swamiji said that this most auspicious time commemorates the Sannyasa Diksha of our beloved Sadguru Swami Sivanandaji when he received the sankalpa from Narayana in the form of his guru to enact this leela. It also was the glorious moment when our destinies were born, thanks to which we are all present here today! After all, what is the work of the guru?

*Soye hue bhaagyon ko He natha jaga dena;*
*Gurudev daya karke mujhko apana lena . . .*

Awaken my slumbering destiny, O Master;
Be gracious towards me and accept me as your own . . .

When the audience responded with resounding applause, Swamiji said that for all of us who are fortunate enough to be present here today there is no doubt that our destinies are fully alive and awake! The news of this celebration would have been received by many but those who made the effort to come here in person are 100% recipients of guru's grace. What is the duty of someone whose destiny has awakened? It is to be happy, joyous and share the delight of this special moment with one and all.

**Worthy celebration**

Swamiji was full of gratitude for the grace of the divine which made it possible for us to be born at a time when we can receive the teachings of our gurus through the medium of *Satyam* and *Sivam* that take us towards the experience of *Sundaram*. Saying that usually we read about *mahatmas,* saints and sages, in history books, Swamiji emphatically declared that he does not see our Sadguru as a *mahatma.* For Swamiji, our sadguru Swami Sivanandaji is an avatar of Shiva – *Shankaradhrit yati sharira, Jaya Jagadeesha Hare! Jai Sivananda Hare!* It was Shiva who took on the body of a sannyasin as Swami Sivananda

and brought us teachings which we need in the present age to attain peace, plenty and prosperity in our lives. Swamiji said that it is our great privilege and good fortune to have found an ideal inspirer like Swami Sivanandaji with whose grace we can continue our journey towards positivity and make his sankalpa a reality by living a divine life.

Swamiji offered his pranaam to Swami Yogswarupanandaji, the president of the Divine Life Society, currently in the seat which was first adorned by Pujya Gurudeva Swami Sivanandaji and was safeguarded by guru-chacha Swami Chidanandaji and Swami Krishnanandaji in its pristine purity. He paid tribute to their stellar service in fulfilling their duties and protecting this sacred post. Swamiji also offered his namaskar and *Om Namo Narayana* to all the learned sannyasins who were present at this occasion. The greetings of *Hari Om Tat Sat*, *Namo Narayan* and *Jai Ho* rang out again in the auditorium at the conclusion of Swamiji's address and everyone joined in with joy and jubilation.

Later that evening, Swami Niranjan and Swami Satsangi offered Ganga arati at the Sivananda ghat followed by a visit to Swami Sivananda's kutir where he lived by the Ganga. His presence was palpable in that space and memories of earlier visits from the time Swami Niranjan was a little child to later years when both of them visited with Sri Swamiji swam before their eyes. The shrine to Sri Krishna where Swami Sivananda worshipped every day was still there in the same place; the wheelchair still stood like a silent solitary sentinel in its corner witnessing everything. Both Swamis spent some time in quiet reflection and japa at the satsang hall adjoining Swami Sivanandaji's rooms. They were photographed while



flanking a large portrait of Swami Sivanandaji and looked like two favourite grandchildren happily smiling away by their beloved grandfather's side!



The next day was the 1st of June and there was an air of magic all around; everyone's hearts were focused on the most special event that took place 100 years ago which gave the world 'Swami Sivananda Saraswati'. Starting with an early morning procession around the ashram with everyone singing the Mahamantra, there were many special programs including a yajna for world peace, pooja at Vishwanath Mandir and abhishek at the Swami Sivananda's Samadhi shrine which was performed by all the senior sannyasins of the ashram and swamis who had come to offer their respect at this most auspicious occasion.

The main event of the morning was Guru Paduka Pooja in the auditorium where Swamis were seated around the padukas and offered abhishek to the chanting of vedic mantras. It was indeed a very touching ceremony. The padukas were placed on a pedestal at the very front of the stage and every single person present in the auditorium had the blessed opportunity to offer pranaams and make a tiny offering of abhishek, participating in this special ceremony. The padukas were the centre of a symphonic dance which whirled around in reverence and respect as hundreds participated in this worship of our most beloved Sadguru Swami Sivanandaji.

After the abhishek, the padukas received sandalwood and vermillion tikas. Offerings of marigold garlands, bilva leaves and roses covered the padukas and gradually grew to form a beautiful mound resembling a Sri Yantra mandala – the perfect image of Guru as Shiva and Shakti! Kirtans rang out as a white three-tiered cake decorated with pale geru-coloured




roses was brought onto the stage and Swamiji announced that a granddaughter of Sivanandaji had added this small contribution to the celebrations. After the last arati was offered to the padukas, kirtans began and sang of the glory of Swami Sivananda. Urging everyone to join in the singing with clapping and dancing, Swamiji was truly a delighted grandson celebrating this wonderful moment drawing in each and every person into a joyful space under the grace of Swami Sivanandaji's loving gaze.

About three hundred sannyasins were invited for Bhandara, a communal meal, and they were respectfully welcomed into the dining hall by all the senior swamis of the ashram. Swami Niranjan had the privilege of offering them tika and performing a formal pooja before the serving of the meal. He also had the duty of offering dakshina while the senior swamis distributed prasad. The spirit with which this meal and prasad was offered brought to mind Swami Sivanandaji's generosity which still flows like a river in full spate filling the hearts and bowls of all mankind. It was very inspiring to witness the untiring zeal and dedication with which all the senior



swamis and sannyasins of the ashram continue to live the teachings of their master and guide thousands through their exemplary devotion.

That afternoon thunderclouds gathered on the horizon over the hills and cooling showers brought respite from the searing heat of the last few days, bearing testimony to the fact that Mother Nature was also celebrating this most auspicious moment when the world received the gift of Swami Sivananda Saraswati. This divine *prokshana,* sprinkling of holy waters, led to the culmination of this magical celebration when Ganga arati was performed at Vishwanath Ghat. Crowds of devotees thronged to the steps leading down to the river and everyone joined in kirtans led by sannyasins of the ashram. An ambience of gentle joy and deep love enfolded everyone together in this beautiful expression of worship and thanksgiving along the banks of the holy Ganga where Swami Sivananda had performed his leela.

Swami Niranjan and Swami Satsangi joined the venerable senior swamis of the Divine Life Society by the river as the kirtans reached a crescendo before it was time to perform arati. Offerings of deepak, incense, flowers and oblations of milk were poured into Ganga Maiyya while pandits chanted vedic mantras to the ringing of bells. The serene scene evoked a sense of eternity as the beautiful river flowed by, accepting



the worship to commemorate that glorious event of a hundred years ago which continues to inspire us to live a divine life, to 'Be Good' and 'Do Good'.

As we made our way back up the steps from the banks of the river, the Sivananda jhula which spans the river a little further ahead and was the backdrop of this beautiful worship brought home its deeper significance. It is the living inspiration of Swami Sivanandaji and all his devoted disciples' ceaseless endeavours to bring his teachings to all humankind which is the golden bridge of light that helps all aspirants cross the troubled waters of life and seek refuge in the divine within their own selves! The privilege and honour of receiving this gift brings with it the responsibility to live the divine life joyfully, creatively and worshipfully, sharing our bounty with one and all.

Our unique tradition is one of promises given and promises fulfilled, promises made and promises lived with total commitment; from Lord Shiva himself to Appayya Dikshitar, from Swami Sivananda to our present-day masters who continue to live their lives in complete surrender to the Will of the Divine and their masters' mandate, dedicated to bringing the teachings of spirituality alive in the hearts and minds of all those who endeavour to walk along the luminous path.

While commemorating Swami Sivanandaji's Sannyasa Diksha Centenary, let us all connect with his life and inspiration by taking the sankalpa to make his vision and wish a reality by living a divine life. There can be no better tribute we can offer to the source of this eternal galaxy of *Sivam, Satyam, Sundaram* from whose glowing effulgence emanates endless grace, flowing in ever-increasing abundance . . .

*Om Sivanandaya vidmahe*
*Satyanandaya dhimahi*
*Tanno sadguru prachodayat*

Jai Sri Swami Sivanandaji Maharaj Sadgurave Namah!
Jai Sri Swami Satyananda!
Jai Gurudeva! ■

# संन्यास की महिमा

स्वामी शिवानन्द सरस्वती

सच्चा संन्यासी इस संसार का एकमात्र चक्रवर्ती सम्राट् होता है। वह कभी कुछ लेता नहीं, सिर्फ देता ही जाता है। संन्यासियों ने ही अतीत में आश्चर्यजनक काम किया, और संन्यासी ही वर्त्तमान एवं भविष्य में अद्भुत चमत्कार करके दिखायेंगे। एक संन्यासी ही वास्तविक लोक-संग्रह कर सकता है, क्योंकि वह दिव्य-ज्ञान से युक्त होता है। एक समर्थ संन्यासी पूरे विश्व की नियति को बदलकर रख सकता है। अकेले शंकराचार्य ने भारत भर में दिग्विजय कर अद्वैत वेदान्त की परम्परा को प्रतिष्ठित किया।

परमहंस संन्यासी दो रोटी और दो धोती पर जीकर देश के कोने-कोने में जाकर, घर-घर में उपनिषद्, रामायण, भागवत और गीता का ज्ञान वितरित करते हैं। सारा समाज उनका अत्यधिक ऋणी है। उनके काव्य और ग्रन्थ हमारे लिए आज भी ज्ञान और प्रेरणा के स्रोत हैं। अवधूत गीता के चन्द श्लोक पढ़कर देखिये। आप में तुरन्त उदात्त आध्यात्मिक विचारों का उदय होगा; सभी प्रकार की निराशा, विषाद और चिंता छूमंतर हो जाएगी।

जिस तरह गणित, विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीति जैसे विषयों में स्नातकोत्तर और शोध विद्यार्थी होते हैं, उसी तरह स्नातकोत्तर योगी और संन्यासी भी होने चाहिए, जो अपना समय स्वाध्याय और अनुसंधान में व्यतीत कर आत्मा पर शोध कर सकें। ऐसे संन्यासियों का भरण-पोषण सद्-गृहस्थों का कर्त्तव्य है। बदले में संन्यासी उनके आध्यात्मिक योग-क्षेम का भार वहन करेंगे। इस तरह संसार-चक्र निर्विघ्न रूप से चलता रहेगा और सर्वत्र सुख, शांति और समृद्धि व्याप्त रहेगी। ■



# संन्यासियों के लिए सन्देश

स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

संन्यास में सबसे पहली और जरूरी चीज है खूब काम करना। अपनी शक्ति को सही दिशा देना, नहीं तो वह गलत रास्ते चली जाती है। अपने मन में कभी यह नहीं सोचना कि हमें क्या बनना है। जो बनना होगा वह बनेंगे ही। अगर गाजर कहे कि मैं मूली बन जाऊँ तो क्या वह मूली बन जायेगी? ककड़ी चाहे कि बैंगन बनूँ तो क्या बन जायेगी? जो उसका प्रारब्ध है, वही बनेगी। इसी प्रकार हर मनुष्य का एक प्रारब्ध होता है। इसलिए महत्त्वाकांक्षा रखना बेकार है। महत्त्वाकांक्षा रखकर कर्म करने का मतलब प्रारब्ध के साथ हस्तक्षेप करना।

हर व्यक्ति के प्रारब्ध में कुछ-न-कुछ अच्छा भी है और बुरा भी। दोनों अपनी जगह जरूरी हैं। आखिर महात्मा गाँधी क्या थे? साधारण वकील। रामकृष्ण परमहंस क्या थे? साधारण ब्राह्मण के पुत्र। विवेकानंद जी जैसे कई ग्रेजुएट लड़के हमारे देश के कोने-कोने में घूम रहे हैं। पर इन सबकी एक नियति थी। जो भी प्रारब्ध में होगा, मनुष्य वह जरूर बनेगा। उसे कोई बदल नहीं सकता।

हर चीज का अपना महत्त्व है। जितना महत्त्व आम का है, उतना ही करेले का भी है, जबकि दोनों एकदम विपरीत गुण वाले हैं। एक अति मीठा तो दूसरा अति कड़वा। पर गुण अलग-अलग होते हुए भी दोनों समान रूप से महत्त्व रखते हैं। जहाज के लिए जितना जरूरी कप्तान है, उतना ही नाविक भी। अगर जहाज में नाविक नहीं होंगे, तो कप्तान जहाज लेकर क्या करेगा? हर व्यक्ति अपनी जगह महत्त्वपूर्ण है। इसलिए यह सोचना तो बेकार है कि हम ये बनें या वो बनें। प्रारब्ध एक ऐसी चीज है जो नालायक आदमी को भी महान् बना देती है और लायक आदमी को भी बाहर धूल में पड़ा छोड़ देती है।

इसलिए यह सोचना बंद करो कि कब हमारी कुण्डलिनी जागेगी, कब आत्मदर्शन होगा, कब ज्ञान प्राप्त होगा। ये सब बुद्धि-विलास की चीजें हैं। इनके बारे में सही समय आने पर किताबों में पढ़ लेना, क्योंकि पढ़ने में अच्छा लगता है। पर सत्य यही है कि जो प्रारब्ध में होगा वही तुम बनोगे और वही तुमको प्राप्त होगा। इसलिये सबसे उत्तम उपाय यही है कि खूब काम करो, खूब थक जाओ और रात को आनंद से सो जाओ। यही संन्यास जीवन है। ■

# Celebration of Life

*Swami Niranjanananda Saraswati*



The year 2024 is as important to us as the year 2023 was. In the year 2023, we celebrated the birth centenary of our master, Sri Swami Satyanandaji, and in 2024 we are celebrating the sannyasa centenary of our grandfather guru, Swami Sivanandaji. The coming together of these two centenaries is no coincidence, but indicates a message for which two luminaries devoted and dedicated their lives – to bring health, happiness and harmony; to be good and to do good; and to connect with

everyone in a positive manner. That has become the theme of these centenary celebrations – developing a positive connection with one and all. We all have to make our own effort within our own limitations, to cultivate a positive, constructive, creative connection with everyone around us, and also with Nature and the universe. That was the message of Swami Sivananda and Swami Satyananda.

It was in 2009, that Sri Swamiji gave the instructions to conduct the Sri Lakshmi-Narayana Mahayajna at Sannyasa Peeth, Munger, as its annual function and as a celebration of life. Narayana is the sustainer of life. Narayana celebrates life, whether in affluence or poverty. In whatever form we live, every day is a celebration of the gift of life that we have received. The positive appreciation of life and a positive connection with life is the gift and the grace of Narayana. Therefore, the Sri Lakshmi-Narayana Mahayajna has always been seen as a celebration of life. If we follow the guidelines and mandate of the masters, then in this celebration of life we have to connect with the good, the qualitative, the positive and uplifting.

To develop this, you need to be aware of certain things. The first is to always smile and always be happy. The second is to shrug off negativity in any form, whether in thought, speech or deed – just shrug it off. Do not let it become a burden or a weight on your shoulders; always try to maintain a joyous, peaceful and harmonious composure. That is the energy, the power and the shakti of Narayana and Lakshmi. Narayana is a person who is never ruffled, and Lakshmi is always happy sitting beside Narayana, the unruffled person.

For these five days, do not be ruffled by anything, remain unruffled by everything, and simply allow the positive to soak in, so that you are able to absorb it, imbibe it, experience it and live it.

*– 7 September 2024, Sri Lakshmi-Narayana Mahayajna,*
*Paduka Darshan, Munger*

# Yajna

*Swami Satyananda Saraswati*



Yajna is a very powerful tool. It includes the body, the mind, faith, mantra, ritual as well as your entire life. This combination makes yajna a very, very powerful tool of metamorphosis, transformation and change. If you forget to put salt in the dal, it will not have the desired taste even if you add groundnut, saffron or turmeric. In the same way, this type of yajna requires total commitment and coordination. The body, the mind and the mantras all unite to produce a special effect which changes your thinking and your life. You will have to understand what life is when this total participation takes place.

I have not invited you all here for entertainment of the type you find when you go to a hill station or an amusement park. For such things the world is before you. You require a change of perspective and thinking here. When you are at a solemn and sacred place like a yajna of this magnitude, you are very near to God and so your thought processes and behaviour must change. If, after participating in this yajna, even one of your bad traits is removed, then surely you are on the right path. A change for the better in your thinking would lead you to greater heights and change the future of mankind. ■

# सत्संबंध की सार्थकता

स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती

इस साल का श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ बहुत विशेष है, क्योंकि इस साल हमलोग अपने दादागुरु, स्वामी शिवानंद जी की संन्यास-शताब्दी मना रहे हैं और इस पावन अवसर पर यह यज्ञ उन्हीं की शिक्षाओं, आदर्शों, जीवनशैली और प्रेरणा को समर्पित है। संतों के जीवन की प्रेरणा क्या होती है? आप इतिहास में किसी भी संत के जीवन को देखिये, उनके जीवन से क्या प्रेरणा आपको सबसे पहले दिखलाई देती है? प्रेरणा है अपने जीवन में एक अच्छे संबंध की स्थापना की, और यह अच्छा संबंध हमेशा ईश्वर और गुरु के साथ आरंभ होता है, क्योंकि उसमें कोई व्यक्तिगत, निजी, सकाम भावना नहीं होती, बल्कि श्रद्धा, विश्वास और समर्पण की भावना रहती है और इसी से सत्संबंध का शुभारंभ भी होता है।

पिछले वर्ष हमलोगों ने अपने गुरु, श्री स्वामी सत्यानंद जी की जन्म-शताब्दी मनायी। सामान्यतया सौ साल के उपलक्ष्य में शताब्दी को मनाया जाता है, लेकिन साधु का जीवन सौ साल का नहीं, एक सौ आठ साल का होता है। इसलिए अगले आठ साल तक लगातार इस जन्म-शताब्दी को हमलोग मनाने जा रहे हैं, और इन आठ सालों को हमने 'सत्संबंध वर्ष' घोषित किया है। यह हर व्यक्ति के जीवन का एक बहुत महत्त्वपूर्ण विषय है क्योंकि अच्छा संबंध तो हर व्यक्ति चाहता है। घरवाले भी जब अपने बेटा-बेटी की शादी करते हैं तो उनके मुख में जो बात रहती है, वह अच्छे संबंध के बारे में ही रहती है – 'अच्छा संबंध मिल गया', 'बढ़िया संबंध का सौभाग्य हमको मिला है'। इस प्रकार की बातें सुनने को मिलती हैं, लेकिन सामाजिक स्तर पर जिसे हमलोग अच्छा संबंध कहते हैं वह तो अपनी महत्त्वाकांक्षाओं, कामनाओं, मान-सम्मान और यश-कीर्ति से जुड़ा है। सभी से कोई अपेक्षा या चाह रहती है और इस प्रकार हमलोग अपने जीवन के सत्संबंध को प्रकट करते हैं, लेकिन अगर इस पर गहराई से चिंतन करें तो सत्संबंध का मतलब यही निकलता है कि जो सत्य से जुड़ा हो, जो शाश्वत हो, जो सनातन हो। माया, मोह, ममता और महत्त्वाकांक्षाओं के कारण भौतिक संसार में सत्संबंध को खोज पाना बहुत कठिन होता है।

इसीलिए सत्संबंध की वास्तविक शुरुआत तब होती है, जब हम अपना रिश्ता गुरु एवं ईश्वर के साथ जोड़ते हैं और उनके साथ कोई भौतिक कामना नहीं होती। जब तक मनुष्य के जीवन में भौतिक कामना है, तब तक संबंध लेन-देन और स्वार्थ का रहता है, लेकिन जब भौतिक कामनाएँ समाप्त हो जाती हैं तब संबंध केवल दिल का रहता है और दिल से जो प्रेम उमड़ता है, वही इस संबंध को निर्धारित करता है। इस संबंध को सकारात्मक, रचनात्मक तथा सामंजस्यपूर्ण होना है और इसके लिए हर व्यक्ति को प्रयास करना चाहिए। शुरू करो गुरु या ईश्वर के साथ और इसका अंत होता है परिवार और समाज के साथ। जो भाव हम ईश्वर और गुरु के प्रति अनुभव करते हैं, वही भाव अंत में द्वैत बुद्धि को समाप्त करके सभी में ईश्वर की अनुभूति दिलाता है और उसी भाव को हमलोग सत्संबंध का भाव कहते हैं।

यहाँ पर अनेक राष्ट्रों और राज्यों से लोग आए हैं, यहाँ पर अनेक भाषाओं को बोलने वाले लोग उपस्थित हैं, यहाँ लोग अनेक सभ्यताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, लेकिन उन सबका यहाँ इस यज्ञ में आने का कारण क्या? कारण एक ही है – अपने को गुरु और ईश्वर के साथ जोड़ना। यही प्रयोजन हमलोगों को यहाँ पर खींचकर लाया है। यह तो आंतरिक संबंध का एक आरंभ है और हमारे दादागुरु, जिनकी संन्यास-शताब्दी इस वर्ष हमलोग मना रहे हैं, उन्होंने भी हर व्यक्ति को सत्संबंध अनुभव करने के लिए प्रेरित





किया। वे हमेशा कहते थे, 'सत्संबंध का निर्माण करने के लिए अच्छा बनो और अच्छा करो। तुम जितना अच्छा बन सकते हो और जितना अच्छा कर सकते हो, उससे एक अच्छे, दृढ़ संबंध का निर्माण होगा।' यही जीवन के उत्थान का कारण भी होता है। जब संबंध अच्छे नहीं, तब जीवन का पतन होता है और जब संबंध अच्छे हैं, तो जीवन का उत्थान होता है। सत्संबंध बनाना, अच्छा बनना, अच्छा करना – यही इस वर्ष के विषय हैं, यही स्वामी शिवानंद जी द्वारा प्रेरित शिक्षाएँ और जीवन के अनुभव हैं।

इस लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के दौरान आपको अपने भीतर यही भाव रखना है कि यह यज्ञ ईश्वर का आवाहन नहीं है, बल्कि जीवन का एक उत्सव है। जीवन में उत्सव ही लक्ष्मीनारायण की आराधना मानी जाती है और जब हम किसी कार्यक्रम को एक उत्सव के रूप में देखते हैं तो उसमें सुख और आनंद की अनुभूति समायी रहती है। जहाँ पर सुख और आनंद है, वहाँ पर शांति और सामंजस्य भी है। इस लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के दौरान अपने मन में हमेशा एक संकल्प को धारण किए रहना कि वर्ष का जितना भी समय अभी शेष है, इस दौरान हमारा यह प्रयास रहेगा कि हम अपने जीवन में अच्छे संबंधों को स्थापित करें। यही संकल्प होना चाहिए और इस संकल्प को बाधित करने वाले जो भी अवरोध आते हैं, उनका भी मुस्कुराते हुये सामना करना चाहिए। जिस आदमी के चेहरे पर प्रसन्नता दिखलाई देती है, मानकर चलना कि उस आदमी के जीवन में परेशानी और तनाव बहुत कम है, और जिस आदमी को मुस्कुराने में कठिनाई होती है, वह परेशानियों के गर्भ में जीता है। परेशानियों पर चिंता करना, यह जीवन का दोष है। चिंता से मुक्त होने का केवल एक ही उपाय है, मुस्कुराते रहना। मुस्कुराने का सामर्थ्य और संबल गुरु और ईश्वर से प्राप्त होता रहे, यही हमारे जीवन के सत्संबंध का परिचायक होगा।

*– 8 सितम्बर 2024, श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ, पादुका दर्शन, मुंगेर*

# समर्पण दिवस

स्वामी सत्यसंगानन्द सरस्वती

आज हमारे लिए बहुत खुशी का दिन है, और हम विनम्रता से स्वामी निरंजन जी को धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने हम सबको यह अवसर दिया कि हम इस सुंदर श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में शामिल हो सकें। यह यज्ञ दो बहुत अहम मुहूर्तों के बीच पड़ता है। यह प्रारम्भ होता है परमगुरु स्वामी शिवानंद जी के जन्मदिन पर, और समाप्त होता है हमारे गुरुदेव, स्वामी सत्यानन्द जी के आध्यात्मिक जन्म के साथ। इसलिए श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में दोनों उपस्थित रहते हैं और हमें उन दोनों का आशीर्वाद मिलते ही रहता है।

यहाँ पर गंगाजी के तट का यह नजारा तो दिल में कैद करने वाला है। गंगा जी की लहरें हमको मानो छू रही हैं और हम गुरुदेव के सानिध्य में श्री लक्ष्मीनारायण की आराधना कर रहे हैं, इससे बढ़िया और क्या हो सकता है! यह नजारा बहुत कम लोगों को मिलता है, उनमें से एक आप हैं। आप यहाँ केवल संयोगवश नहीं आए हैं, यहाँ पर आपका बुलावा हुआ, भगवान का बुलावा कि 'देखो भाई, यहाँ आ जाओ।' उनकी कृपा हम पर बरस गयी, ऐसा मानकर चलिये।

कल स्वामी निरंजन जी ने कहा कि यह प्रेम यज्ञ है, यहाँ प्रेम का आवाहन हो रहा है लक्ष्मीनारायण यज्ञ के माध्यम से, क्योंकि लक्ष्मी जी और नारायण जी तो एक-दूसरे से बहुत प्रेम करते हैं न? राधा और कृष्ण एक-दूसरे से बहुत प्रेम करते हैं, पर वह लौकिक प्रेम नहीं है, वह प्रेम नहीं जो आप अपने जीवन में व्यक्त करते हैं। हमारा प्रेम बहुत ही सीमित रहता है, केवल अपनों के प्रति और जिनसे हमें कोई अपेक्षा है, उनके प्रति। ऐसा प्रेम बहुत संकीर्ण रहता है, लेकिन उनका प्रेम अलौकिक था और यही अलौकिक प्रेम एक गुरु और शिष्य के बीच भी होता है, जिसको कहते हैं दिव्य प्रेम – कुछ नहीं चाहिए, प्रेम केवल प्रेम के लिए करना।

## समर्पण की पराकाष्ठा

गुरुदेव कहते थे कि यह मेरा समर्पण दिवस है। बारह सितंबर को वे अपना संन्यास दिवस नहीं मनाते थे, बल्कि अपना समर्पण दिवस मनाते थे, जिस

दिन उन्होंने अपने आपको समर्पित किया। समर्पण प्रेम के जैसा होना चाहिए, एकदम सहज ढंग से। प्रेम, श्रद्धा, विश्वास, समर्पण – ये सब सहज आने चाहिए। हम जबरदस्ती प्रेम नहीं कर सकते हैं, हम जबरदस्ती किसी के प्रति श्रद्धा नहीं व्यक्त कर सकते हैं, हम जबरदस्ती किसी पर विश्वास नहीं कर सकते हैं और न ही जबरदस्ती किसी के प्रति समर्पित हो सकते हैं। वह सहज होता है।

वैसे आप सब समर्पित तो हैं ही, अपने मन के प्रति, अपनी इच्छाओं के प्रति। समर्पण तो आप अच्छी तरह से जानते हैं, जीवन ने आपको सिखा दिया समर्पित होना। अगर आप मन के प्रति समर्पित नहीं होंगे तो मन आपको एक चाँटा लगा देगा। जो मन कहता है, वही आप करते हैं। आप कभी नहीं सोचते कि यह सही है या गलत है, आप उसको सही मान ही लेते हैं, क्योंकि आपका मन कह रहा है। आपका मन कहता है कि 'वह तुम्हारा शत्रु है', हो सकता है कि वह आपका शत्रु नहीं हो, पर चूँकि आपका मन कहता है, इसलिए आप उसको सही मान लेते हैं और फिर कोई काण्ड हो जाता है। मन के प्रति तो हम सब समर्पित हैं, पर जिस समर्पण की बात हम कर रहे हैं, वह इन सब चीजों से परे है। अपने गुरु के सामने वह सहज समर्पण होता है।

कल्पना कीजिए आज का दिन, स्वामी शिवानंद जी गंगा तट पर बैठे थे और उन्होंने सत्यम् को बुलाया। बहुत कम उम्र थी उनकी, इतनी कम उम्र में अपने गुरु के प्रति समर्पण भाव आना और यह बोध होना कि यही मेरा जीवन है, यही जीवन मैं जीना चाहता हूँ, ऐसा बहुत कम लोगों को होता है। ऐसा भगवान की कृपा से और पूर्व जन्म के संस्कारों से ही होता है। हमारे गुरुदेव तो बहुत पहुँचे हुए व्यक्ति थे, वे मामूली व्यक्ति नहीं थे। वे जन्म से ही सिद्ध थे, बचपन से ही उन्हें समाधि का अनुभव होता था। यह भगवान की असीम कृपा ही है कि ऐसे महान् व्यक्ति ने हमारे जीवन को छूआ। ऐसे व्यक्ति से हमारा परिचय होना, उनके साथ रहना, उनके सत्संग सुनना, उनके साथ हँसना, उनके साथ गाना, उनके साथ नाचना, यह सब ईश्वरीय कृपा का ही फल है। स्वामीजी सबके मित्र थे, वे बैठकर खाली भाषण नहीं देते थे, बल्कि हमसे जो अपेक्षा रखते थे वैसा जीवन खुद जीते थे। ऐसा नहीं कि वे हमसे केवल कहते थे कि ऐसा जियो, ऐसा बनो। वे स्वयं वह जीवन जीते थे और उनको देखकर हम सबको प्रेरणा होती थी कि हम भी ऐसा बनें, हम भी ऐसा करें।


स्वामी सत्यानन्द
पद्म जयन्ती


Satyananda
na Jayanti
स्वामी सत्यानन्द
पद्म जयन्ती





## प्रेरक की आवश्यकता

यह बहुत आवश्यक है कि समाज में ऐसे लोग हों जो हमारे प्रेरक बनें। यह दायित्व तो माता-पिता पर भी जाता है। माता-पिता को बच्चों के लिए प्रेरक बनना चाहिए जिससे बच्चे सोचें 'हाँ, मैं अपने पिता के जैसा बनना चाहता हूँ, मैं अपनी माता के जैसा बनना चाहता हूँ', पर ऐसा होता नहीं है, क्योंकि माता-पिता बच्चों को उसी चीज की चेतावनी देते हैं जिसे वे खुद करते हैं। वे कहते हैं, 'झूठ मत बोलो', पर खुद झूठ बोलते हैं। बोलते हैं, 'टी.वी. मत देखो', पर खुद दिनभर टी.वी. देखते रहते हैं। ऐसे में बच्चों के प्रेरक कौन बनें? स्कूल में तो पढ़ाई पर इतना जोर दिया जाता है कि बच्चे को अन्य चीजों के लिए समय ही नहीं मिलता। उसका पूरा समय, पूरा दिमाग उन पोथियों से भरा रहता है। घर आता है तो उसको होमवर्क करना है। तब प्रेरक कौन बनेगा, कहाँ उसको मन की शांति मिलेगी? आज यह प्रश्न बहुत अहम है, और हम समझते हैं कि यह शिक्षा केवल आश्रमों में मिल सकती है, क्योंकि आश्रमों में उन्हें वह समर्पण, स्वतंत्रता, प्रेम, स्वच्छता, शुद्धता, सब दिखाई देती है। वहाँ संन्यासी जो करने के लिए बोलते हैं, उसे खुद करते हैं। वे जल्दी उठते हैं, कम खाते हैं, कम बोलते हैं, कम सोचते हैं और पूरा समय सेवा में लगे रहते हैं। उनको देखकर बच्चों को निश्चित रूप से प्रेरणा मिलती है, और इसीलिए बच्चों को आश्रम जरूर भेजना चाहिए।

आप लोगों की ट्रेन हो सकता है मिस हो गयी, हालाँकि हम सोचते हैं कि अध्यात्म से अपने आपको जोड़ने के लिए कभी देरी नहीं है। यह जीवन इसीलिए तो मिला है कि हम आध्यात्मिक बनें। या केवल सांसारिक रहना है? स्वामीजी कहते हैं, 'दोनों बनो, सांसारिक भी और आध्यात्मिक भी!' केवल आध्यात्मिक बनने से संसार की गतिविधियों और चुनौतियों का सामना करने में विफल रहोगे। आज तो संसार में कितनी चुनौतियाँ हैं हमारे लिए, इसलिए सांसारिक बनो, पर साथ-साथ आध्यात्मिक भी।

## सत्कर्मों से जुड़ना

स्वामीजी का यह समर्पण दिवस हमारे लिए एक बहुत बड़ी सीख लेकर आता है कि कैसे हम अपने आपको सही चीजों पर समर्पित करें, गलत चीजों पर नहीं। जब मन गलत चीज बोलता है तो क्यों हम मन के आगे समर्पण करें? यह तब हो सकता है, जब हम अपने हृदय को जगाएँ। हम आए हैं हृदयपीठ




से। रिखियापीठ हृदयपीठ है, वहाँ शक्ति का दाह-संस्कार हुआ और गुरुदेव को वहाँ भेजा गया। वहाँ गुरुदेव का अंतिम संदेश क्या था? उन्होंने हमें इतने तरीके बतलाए, इतने रास्ते बतलाए, इतना ज्ञान दिया, इतना प्रेम दिया, पर उनका अंतिम संदेश क्या था जो उन्होंने रिखिया में दिया? उन्होंने कहा, 'अपने कर्मों को सुधारो, सत्कर्म से अपने आपको जोड़ो।' सत्कर्म से जुड़ना बहुत आसान है, इसका सरल मतलब, दूसरों के काम आओ और अगर वह दूसरा तुम्हारा सगा नहीं है तो और भी अच्छा! इसको कहते हैं निष्काम कर्म।

निष्काम कर्म करने से कर्मक्षय होता है। हमारे जीवन में बाधा क्या है? क्यों हमें प्रगति नहीं मिलती है, क्यों हमें वह खुशी नहीं मिलती है, क्यों हमें वह आराम नहीं मिलता है, क्यों हमें रास्ता नहीं दिखलाई देता है? इन सबका आधार है कर्म। कर्म ही हमें या तो सही मार्ग पर ले जाता है या गलत मार्ग पर। बिना कर्मशुद्धि के कोई आगे नहीं बढ़ सकता है और कर्मशुद्धि के लिए सबसे बढ़िया जगह है आश्रम, जहाँ आप आते हैं और निष्काम कर्म करते हैं। यही व्यावहारिक तरीका है और यही जीवन हमलोग जीते हैं।

आज के दिन जब हम समर्पण की बात करते हैं तो हमारा मतलब बस यही है कि हम समर्पित हों भगवान की इच्छा के प्रति। अब भगवान कौन हैं, कहाँ रहते हैं, कैसे दिखते हैं, पुरुष हैं या स्त्री हैं, यह तो कोई नहीं जानता है, फिर कौन बतलाएगा? गुरुदेव बतलाएँगे। गुरुदेव हमारे जीवन में इसीलिए आते हैं कि वे हमें भगवान का अता-पता बतलाएँ और हमारे सोये हुये भाग्यों को जगाएँ जिससे हम उस पथ पर चल पड़ें। बहुत लोग गुरु से मिलते हैं, बहुत लोग गुरु का सत्संग सुनते हैं, बहुत लोग गुरु को पसंद भी करते हैं, पर उनके

कहे हुए मार्ग पर चलते नहीं हैं। हमें मालूम है कि अच्छा बनो, अच्छा करो, पर कैसे बनें, पता ही नहीं चलता है। जब मन में बुराई का विचार आता है तो हम बह जाते हैं। अच्छा तो नहीं बन पाते हैं। फिर कैसे अच्छा बन पायेंगे? जरूर बनोगे, अगर तुम उस पथ पर चलोगे जो गुरुदेव ने बतलाया है।

## आंतरिक शुद्धि

